रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **Covalent bonds are formed by the:**

**Ans**
- ✗ A. loss of neutrons
- ✗ B. transfer of electrons
- ✗ C. gaining of protons
- ✓ D. sharing of electrons

**Q.2** **मनुष्यों में, माता-पिता में से कौन बच्चे का लिंग निर्धारित करता है?**

**Ans**
- ✗ A. माता
- ✗ B. दोनों समान रूप से
- ✓ C. पिता
- ✗ D. बच्चे की अपनी पसंद

**Q.3** **किसी पिंड पर कार्यरत नियत बल द्वारा किए गए कार्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**(i) बल द्वारा किया गया कार्य कभी भी शून्य नहीं हो सकता।**
**(ii) यदि पिंड पर बल और इसके विस्थापन की दिशा समान है, तो किया गया कार्य धनात्मक होगा।**
**(iii) किए गए कार्य का S.I. मात्रक जूल है।**

**Ans**
- ✗ A. केवल (ii)
- ✗ B. (i) और (iii) दोनों
- ✗ C. केवल (i)
- ✓ D. (ii) और (iii) दोनों

**Q.4** **ऐल्केन वाली प्रतिस्थापन अभिक्रिया में, ऐल्केन अणु के हाइड्रोजन परमाणुओं का क्या होता है?**

**Ans**
- ✗ A. इन्हें अणु में जोड़कर एक बड़ी श्रृंखला बनाई जाती है।
- ✗ B. ये ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके जल बनाते हैं।
- ✓ C. उन्हें अन्य परमाणुओं या परमाणुओं के समूहों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है।
- ✗ D. द्वि-आबंध बनाने के लिए इन्हें पूरी तरह से हटा दिया जाता है।

**Q.5** **यदि एक इलेक्ट्रिक हीटर 1000 W बिजली की खपत करता है, तो यह 1 घंटे में कितनी विद्युत ऊर्जा का उपयोग करेगा?**

**Ans**
- ✗ A. 1000 J
- ✗ B. 3600 J
- ✗ C. 1000 kWh
- ✓ D. 1 kWh

Q.6 यदि दो वस्तुओं के बीच की दूरी दोगुनी कर दी जाए तथा शेष सब कुछ एक समान रहे, तो उनके बीच गुरुत्वाकर्षण बल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans
- ✗ A. बल चार गुना हो जाएगा
- ✓ B. बल एक-चौथाई हो जाएगा
- ✗ C. बल दोगुना हो जाएगा
- ✗ D. बल आधा हो जाएगा

Q.7 धातुओं के निष्कर्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
a. उच्च अभिक्रियाशीलता श्रेणी में आने वाली धातुओं को पिघले हुए अयस्क के विद्युत अपघटन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।
b. मध्यम अभिक्रियाशीलता श्रेणी की धातुएँ प्रकृति में सल्फाइड और कार्बोनेट के रूप में पाई जाती हैं।
c. ऑक्साइड की तुलना में सल्फाइड से धातु निष्कर्षित करना आसान होता है।

Ans
- ✗ A. केवल a और c
- ✗ B. सभी a, b और c
- ✗ C. केवल b और c
- ✓ D. केवल a और b

Q.8 Which of the following is NOT an example of a colloidal solution?

Ans
- ✗ A. Smoke
- ✓ B. Air
- ✗ C. Mist
- ✗ D. Milk

Q.9 ध्वनि तरंग की प्रबलता और मृदुता के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) प्रबल ध्वनि का आयाम मृदु ध्वनि की तुलना में कम होता है।
(ii) प्रबल ध्वनि में मृदु ध्वनि की तुलना में अधिक ऊर्जा होती है।
(iii) ध्वनि तरंग की प्रबलता, ध्वनि के प्रति कान की संवेदनशीलता की माप है।

Ans
- ✓ A. (ii) और (iii) दोनों
- ✗ B. केवल (iii)
- ✗ C. केवल (i)
- ✗ D. (i) और (ii) दोनों

Q.10 जब प्रकाश की एक समान्तर किरण उत्तल लेंस से होकर गुजरती है, तो अपवर्तन के बाद यह__________ ।

Ans
- ✗ A. बिना विचलित हुए गुजर जाती है
- ✗ B. अनंत पर एक आभासी छवि बनाता है
- ✗ C. अक्ष से दूर अपसारित हो जाती है
- ✓ D. मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर अभिसरित हो जाती है

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत पर्यावरण पर दबाव को कम करने और संधारणीय जीवन को बढ़ावा देने में सहायता करता है?

Ans
- ✓ A. कम उपयोग, पुन:उपयोग और पुनःचक्रण (Reduce, Reuse, and Recycle)
- ✗ B. उपयोग करें और त्याग करें (Use and discard)
- ✗ C. जितना संभव हो उतना निष्कर्षित करें (Extract as much as possible)
- ✗ D. अधिक उत्पादन करें और अधिक उपभोग करें (Produce more and consume more)

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति संतुलित बल को निरूपित करती है?

Ans
- ✓ A. दो व्यक्ति एक डिब्बे को विपरीत दिशाओं से समान बल से धक्का देते हैं।
- ✗ B. ब्रेक लगाने पर एक चलती कार रुक जाती है।
- ✗ C. एक व्यक्ति साइकिल से पहाड़ी पर जा रहा है।
- ✗ D. गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में स्वतंत्र रूप से गिरती हुई गेंद।

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा जनन प्रकार यह सुनिश्चित करता है, कि जंतुओं में दोनों जनक (parents) के गुण संतानों को वंशागति में प्राप्त होते हैं?

**Ans**

✔ A. लैंगिक जनन (Sexual reproduction)

✘ B. मुकुलन (Budding)

✘ C. क्लोनिंग (Cloning)

✘ D. द्वि खंडन (Binary fission)

**Q.14** Which of the following statements correctly compares vacuoles in plant and animal cells?

**Ans**

✘ A. Animal cells have larger vacuoles than plant cells

✘ B. Vacuoles are absent in both plant and animal cells

✘ C. Both plant and animal cells have equal-sized vacuoles

✔ D. Plant cells have large vacuoles, animal cells have small ones

**Q.15** पशुओं में उपकला ऊतक का मुख्य कार्य क्या है?

**Ans**

✘ A. यह शारीरिक संचलन के लिए मांसपेशियों और हड्डियों को जोड़ता है।

✘ B. यह पूरे शरीर में गैसों और हार्मोनों का परिवहन करता है।

✔ C. यह शरीर के अंगों और गुहाओं को ढकता है और उनकी रक्षा करता है।

✘ D. यह अंगों को यांत्रिक सहायता और आकार प्रदान करता है।

**Q.16** What is the meaning of the phrase “the DNA copies generated will be similar, but may not be identical”?

**Ans**

✘ A. The original DNA is destroyed after copying.

✘ B. All DNA copies are identical clones.

✔ C. DNA copies may have slight differences.

✘ D. Each DNA copy is totally unrelated.

**Q.17** Which of the following symbols represents a rheostat?

**Ans**

✘ A. An 'A' inside a circle

✔ B. A zigzag line with an arrow which is drawn across it.

✘ C. A zigzag line.

✘ D. A circle with a 'V' inside it.

**Q.18** शुष्क HCl गैस, शुष्क लिटमस पेपर का रंग परिवर्तित क्यों नहीं करती है, लेकिन जलीय HCl परिवर्तित करती है, का निम्नलिखित में से किस कथन में सटीक रूप से वर्णन किया गया है?

**Ans**

✘ A. शुष्क HCl गैस अम्लीय नहीं होती।

✘ B. जल लिटमस के साथ अभिक्रिया करता है, HCl के साथ नहीं।

✔ C. HCl केवल जल में विलीन होने पर $H^+$ आयन मुक्त करता है।

✘ D. लिटमस पेपर केवल प्रकाश की उपस्थिति में कार्य करता है।

**Q.19** A ball is released from rest at the top of an inclined smooth plane of length 5 cm. After reaching the bottom it travels horizontally on a smooth surface. How much distance will it travel horizontally? (Neglect the frictional forces as both the plane and surface are smooth)

**Ans**

✘ A. 2.5 cm

✘ B. 5 cm

✔ C. Infinite.

✘ D. 0 cm

Q.20 **Which of the following statements is correct about the size of atoms?**

Ans
✗ A. Atoms are visible under an ordinary microscope.
✗ B. All atoms have the same size.
✓ C. The size of atoms is in the range of nanometres.
✗ D. Atoms are larger than molecules.

Q.21 **The doctor feels our heartbeats with the help of an instrument called _______.**

Ans
✓ A. stethoscope
✗ B. radiography
✗ C. reflex hammer
✗ D. microscope

Q.22 **एल्युमीनियम ऐनोडीकरण (anodising) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans
✗ A. इसे नरम और अधिक लचीला बनाना
✓ B. इसका संक्षारण प्रतिरोध और दिखावट (appearance) को बढ़ाना
✗ C. इसे बेहतर चालक बनाना
✗ D. अम्लों के साथ इसकी अभिक्रियाशीलता बढ़ाना

Q.23 **जब वस्तु को दर्पण से 40 cm की दूरी पर रखा जाता है तब उत्तल दर्पण से 30 cm की दूरी पर एक प्रतिबिंब बनता है। दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन _______ होगा।**

Ans
✓ A. +3/4
✗ B. −3/4
✗ C. +4/3
✗ D. −4/3

Q.24 **Which of the following is NOT a property associated with compounds?**

Ans
✗ A. Elements react to form new compounds.
✗ B. The new substance has totally different properties.
✓ C. The constituents can be separated fairly easily by physical methods.
✗ D. The composition of each new substance is always fixed.

Q.25 **मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग, किसी व्यक्ति की सोचने और सीखने की क्षमताओं को नियंत्रित करता है?**

Ans
✓ A. प्रमस्तिष्क (Cerebrum)
✗ B. अनुमस्तिष्क (Cerebellum)
✗ C. हाइपोथैलेमस (Hypothalamus)
✗ D. मेडुला (Medulla)

Section : **Mathematics**

Q.26 **₹21,800 का कुल लाभ A, B और C के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि A : B = 4 : 15 और B : C = 9 : 3 हो। लाभ में B का हिस्सा (₹ में) कितना है?**

Ans
✗ A. 13,575
✗ B. 13,525
✗ C. 13,675
✓ D. 13,625

Q.27 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, दिनेश को कुल वोटों के 46.5% वोट मिले और वह रिजवान से 3150 वोटों के अंतर से हार गया। यदि डाले गए सभी वोट वैध थे, तो रिजवान को कितने वोट मिले?

Ans
- ✗ A. 25,050
- ✗ B. 20,925
- ✗ C. 25,925
- ✓ D. 24,075

Q.28 यदि 8 ठोस गोल गेंदों जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 10 cm है, को पिघलाकर एकल गोल गेंद के रूप में ढाला जाता है, तो इस प्रकार बनी नई गेंद की त्रिज्या कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 15 cm
- ✗ B. 10 cm
- ✗ C. 30 cm
- ✓ D. 20 cm

Q.29 यदि $8(x)^{1/2} = \sqrt{6889} + \sqrt{4761}$ हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 361
- ✗ B. 729
- ✗ C. 529
- ✗ D. 289

Q.30 दो संख्याओं का योग 88 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 870 है। दोनों संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 23, 65
- ✗ B. 35, 53
- ✗ C. 28, 60
- ✓ D. 30, 58

Q.31 यदि 50 और Z का तृतीयानुपाती 18 है, तो Z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 27
- ✗ B. 31
- ✓ C. 30
- ✗ D. 28

Q.32 ईंधन की कीमत तीन लगातार महीनों में 35%, 55% और 35% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 65% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 65.25% की कमी
- ✓ B. 68.63% की कमी
- ✗ C. 64.64% की वृद्धि
- ✗ D. 70.61% की वृद्धि

Q.33 एक चक्रीय चतुर्भुज ABCD में, भुजाएँ AB = 10 cm, BC = 14 cm, CD = 8 cm और DA = 12 cm हैं। चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 8√210 cm2
- ✗ B. 8√222 cm2
- ✗ C. 10√222 cm2
- ✗ D. 10√210 cm2

Q.34 दूध की कीमत में 20% की वृद्धि हुई। दूध पर मासिक खर्च समान बनाए रखने के लिए खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी होगी?

Ans

- ✗ A. $16\frac{4}{7}\%$
- ✗ B. $16\frac{1}{3}\%$
- ✓ C. $16\frac{2}{3}\%$
- ✗ D. $16\frac{2}{7}\%$

Q.35 ₹7,500 की राशि पर 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त राशि क्या होगी, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है?

Ans

- ✗ A. ₹8,994
- ✗ B. ₹8,604
- ✓ C. ₹8,427
- ✗ D. ₹9,253

Q.36 2%, 8% और 15% की तीन क्रमागत छूटों के बराबर एकल छूट (लगभग) ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✓ A. 23.36%
- ✗ B. 22.89%
- ✗ C. 26.77%
- ✗ D. 22.86%

Q.37 P और Q मिलकर एक टंकी को 15 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 60 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई भाग कितने घंटे में पानी से भरेगा?

Ans

- ✗ A. 6
- ✗ B. 11
- ✗ C. 10
- ✓ D. 5

Q.38 दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प में वे दो अभाज्य संख्याएँ हैं जिनका गुणनफल 30 से छोटी सबसे बड़ी सम संख्या है?

Ans

- ✓ A. 2 और 13
- ✗ B. 3 और 11
- ✗ C. 2 और 5
- ✗ D. 3 और 7

Q.39 एक फल विक्रेता के पास ₹3,600 मूल्य के 24 kg सेब हैं। वह 12 kg सेब को 20% के लाभ पर और शेष को 10% की हानि पर बेचता है। उसकी लाभ या हानि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. ₹360 का लाभ
- ✗ B. ₹180 की हानि
- ✓ C. ₹180 का लाभ
- ✗ D. ₹360 की हानि

Q.40 $\frac{(100.5)^2-(79.2)^2}{100.5+79.2}$ को हल करें।

Ans

- ✗ A. 22.4
- ✓ B. 21.3
- ✗ C. 20.2
- ✗ D. 23.5

Q.41 दो बहनों की वर्तमान आयु का योग 67 वर्ष है। अब से पाँच वर्ष पहले, बड़ी बहन की आयु छोटी बहन की आयु की दोगुनी थी। बड़ी बहन की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 43 वर्ष
- ✗ B. 24 वर्ष
- ✗ C. 27 वर्ष
- ✗ D. 40 वर्ष

Q.42 एक आदमी 10 मिनट में 430 m, 11 मिनट में 470 m और 17 मिनट में 620 m चलता है। तो, पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (m/मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 40
- ✗ B. 55
- ✗ C. 78
- ✗ D. 44

Q.43 एक रेस में, एक एथलीट पहले चक्कर में 300 m की दूरी 100 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई का दूसरा चक्कर 50 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/sec में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 9
- ✔ B. 4
- ✗ C. 14
- ✗ D. 13

Q.44 एक टैंक को पाइप A द्वारा 9 घंटे में और पाइप B द्वारा 12 घंटे में भरा जा सकता है। पाइप C टैंक को 18 घंटे में खाली कर सकता है। तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, लेकिन पाइप C को 4 घंटे बाद बंद कर दिया जाता है। टैंक को पूरी तरह से भरने में कुल कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. $\frac{22}{3}$ घंटे
- ✗ B. $\frac{42}{5}$ घंटे
- ✗ C. $\frac{100}{11}$ घंटे
- ✔ D. $\frac{44}{7}$ घंटे

Q.45 एक क्रिकेटर का 6 पारियों में औसत स्कोर 90 रन है। 7वीं पारी में, उसने 157 रन बनाए। उसके औसत स्कोर में _______ रन की वृद्धि हुई। (उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 19
- ✔ B. 10
- ✗ C. 8
- ✗ D. 20

Q.46 प्रेक्षणों 78, 66, 89, 55, 73, 45, 23, 46 और 29 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 56
- ✗ B. 48
- ✗ C. 52
- ✗ D. 50

Q.47 9% और 6% की क्रमिक छूट, _____ एकल छूट के बराबर है।

Ans
- ✗ A. 15.62%
- ✗ B. 17.78%
- ✗ C. 15.18%
- ✔ D. 14.46%

Q.48 दो संख्याओं का योगफल 74 है और उनका अंतर 12 है। छोटी संख्या का बड़ी संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 33 : 47
- ✗ B. 31 : 47
- ✓ C. 31 : 43
- ✗ D. 33 : 43

Q.49 एक त्रिभुज की भुजाएँ 35 cm, 44 cm और 75 cm हैं। 44 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी है?

Ans
- ✗ A. 14 cm
- ✗ B. 58 cm
- ✓ C. 21 cm
- ✗ D. 65 cm

Q.50 यदि $\sec\theta = \frac{17}{12}$ है, तो $\sin\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। $(0^\circ < \theta < 90^\circ)$

Ans
- ✓ A. $\frac{\sqrt{145}}{17}$
- ✗ B. $\frac{12}{17}$
- ✗ C. $\frac{\sqrt{170}}{17}$
- ✗ D. $\frac{13}{17}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(4, 7, 784)
(6, 3, 324)

Ans
- ✗ A. (4, 6, 676)
- ✓ B. (5, 6, 900)
- ✗ C. (9, 3, 629)
- ✗ D. (4, 5, 380)

Q.52 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'T + O x R - N & M' है, तो T का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई
- ✗ B. पिता का भाई
- ✗ C. पिता
- ✓ D. पिता के भाई का पुत्र

Q.53 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(20 Q 4) P 7 S 5 P 9 R (40 Q 8) P 4 = ?

Ans
✔ A. 60
✘ B. 75
✘ C. 92
✘ D. 35

Q.54 एक कक्षा के सभी 30 विद्यार्थी उत्तर दिशा के अभिमुख एक पंक्ति में खड़े हैं। मीरा बाएं छोर से दसवें स्थान पर है, जबकि अर्जुन दाएँ छोर से उन्नीसवें स्थान पर है। मीरा और अर्जुन के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✘ A. 3
✘ B. 0
✔ C. 1
✘ D. 2

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. GCW
✔ B. IFY
✘ C. RNH
✘ D. ZVP

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'please go on' को 'js tk mj' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'go there please' को 'js yn tk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'on' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ A. mj
✘ B. yn
✘ C. tk
✘ D. js

Q.57 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 3 ? 38 102 227

Ans
✔ A. 11
✘ B. 26
✘ C. 14
✘ D. 21

Q.58 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ROUT' को '1625' और 'AUTO' को '1546' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✔ A. 4
✘ B. 1
✘ C. 6
✘ D. 5

**Q.59** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 24 12 30 ? 36

**Ans**
- ✗ A. 10
- ✓ B. 6
- ✗ C. 4
- ✗ D. 8

**Q.60** विजया अपनी कक्षा में ऊपर से 7वें और नीचे से 13वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 20
- ✗ B. 18
- ✓ C. 19
- ✗ D. 21

**Q.61** निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 3 1 4 1 5 1 6 1 7 1 8 1 8 1 1 1 2 2 2 2 6 6 6 4 4 4 3 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है?

**Ans**
- ✗ A. छह
- ✗ B. पाँच
- ✗ C. तीन
- ✓ D. चार

**Q.62** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E और C दोनों का निकटतम पड़ोसी F है। E, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A और B दोनों का निकटतम पड़ोसी G है। D, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
यदि सभी व्यक्तियों को A (A सहित) से प्रारंभ करते हुए, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में दक्षिणावर्त दिशा में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✓ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

**Q.63** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 B 2 D 15 C 25 A 5 = ?

**Ans**
- ✗ A. 17
- ✗ B. 22
- ✗ C. 12
- ✓ D. 6

**Q.64** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी टोपी, हैट हैं।
सभी टोपी, स्कार्फ हैं।
कुछ स्कार्फ, मफलर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मफलर, टोपी हैं।
(II) कुछ स्कार्फ, हैट हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.65** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 627 543 658 719 482 (दाएं)
(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से गुणा किया जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 72
- ✗ B. 71
- ✗ C. 73
- ✗ D. 70

**Q.66** निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)।

(बाएं) 6 9 8 4 7 1 3 2 5 9 4 8 6 7 1 3 2 5 9 4 8 6 (दाएं)

इस शृंखला में कितने अद्वितीय अंक 4 के गुणज हैं (प्रत्येक अंक को केवल एक बार गिना जाता है, चाहे वह कितनी भी बार दोहराया गया हो)?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

**Q.67** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

40 47 55 64 74 ?

Ans
- ✗ A. 87
- ✓ B. 85
- ✗ C. 78
- ✗ D. 81

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर DQXG एक निश्चित तरीके से YUUI से संबंधित है। इसी प्रकार, GLQC, BPNE से संबंधित है। इसी तर्क के आधार पर, TKWD दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. OPSE
- ✓ B. OOTF
- ✗ C. PPSE
- ✗ D. POTF

Q.69 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

TUG : QYD
NCA : KGX

Ans
- ✔ A. HKU : EOR
- ✘ B. BHQ : GDV
- ✘ C. PNC : LQY
- ✘ D. UKW : WGY

Q.70 अरमान बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 32 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 37 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 35 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 38 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✔ A. पूर्व में 1 km
- ✘ B. पूर्व में 2 km
- ✘ C. पश्चिम में 3 km
- ✘ D. पश्चिम में 4 km

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. JMO
- ✔ B. CGH
- ✘ C. YBD
- ✘ D. RUW

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

LIM VSW FCG PMQ ?

Ans
- ✘ A. ZWE
- ✘ B. ZEW
- ✔ C. ZWA
- ✘ D. ZAW

Q.73 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C बाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर F है। C के बाईं ओर तथा किसी एक छोर पर G बैठा है। G और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F का पड़ोसी E नहीं है। दाएं छोर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✔ A. A
- ✘ B. E
- ✘ C. B
- ✘ D. D

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, XBNO का संबंध एक निश्चित तरीके से UYKL से है। इसी प्रकार, PAQJ का संबंध MXNG से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FWOM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✘ A. BSKI
- ✘ B. DUMK
- ✘ C. GXPN
- ✔ D. CTLJ

Q.75 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 7 4 1 2 4 9 7 5 3 6 1 5 2 7 4 5 8 3 9 6 5 7 3 9 1 4 2 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Q.76 संख्या 1785643 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंक का योग क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 14
- ✗ C. 6
- ✗ D. 12

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

YVW 58 VST 69 SPQ 80 PMN 91 ?

Ans
- ✗ A. MKJ 102
- ✗ B. MRX 101
- ✓ C. MJK 102
- ✗ D. MIJ 101

Q.78 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर B बैठा है। B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, F के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन D के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. 4
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 5

Q.79 शहर X, शहर Y के उत्तर में है। शहर Z, शहर Y के पश्चिम में है। शहर W, शहर X के पूर्व में है। शहर Z, शहर V के उत्तर में है। शहर Z के संबंध में शहर W की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. पश्चिम
- ✓ B. उत्तर पूर्व
- ✗ C. पूर्व
- ✗ D. दक्षिण पूर्व

Q.80 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन :
कोई भी स्टंप, गेंद नहीं है.
कुछ गेंदें, विकेट हैं।

निष्कर्षः
(I) कोई भी गेंद, स्टंप नहीं है।
(II) कोई भी विकेट, गेंद नहीं है।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 (महिला सुरक्षा पर राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट एवं सूचकांक) NARI 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से शहर महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित थे?

Ans
✘ A. दिल्ली, पटना, इंदौर
✘ B. लखनऊ, जयपुर, दिल्ली
✘ C. रांची, श्रीनगर, कोलकाता
✔ D. कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर

Q.82 Which key reform did the Economic Survey 2024-25 emphasise for long-term growth?

Ans
✘ A. Price control regimes
✘ B. Nationalisation of banks
✘ C. Public sector expansion
✔ D. Systemic deregulation

Q.83 मई 2025 में, केंद्र सरकार की निम्नलिखित में से किस नोडल एजेंसी ने भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण के मसौदा ढांचे पर सार्वजनिक टिप्पणियाँ आमंत्रित कीं?

Ans
✔ A. आर्थिक मामलों का विभाग (Department of Economic Affairs)
✘ B. नीति आयोग सचिवालय (NITI Aayog Secretariat)
✘ C. वित्तीय सेवा विभाग (Department of Financial Services)
✘ D. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office)

Q.84 किस पैरा-तीरंदाज ने 2025 में पद्म श्री से सम्मानित होने वाली अपनी विधा में प्रथम बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की?

Ans
✘ A. विवेक चिकारा
✔ B. हरविंदर सिंह
✘ C. राकेश कुमार
✘ D. ज्योति बालियान

Q.85 2025 में ATP मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी कौन बने?

Ans
✘ A. एंडी मर्रे
✘ B. राफेल नडाल
✔ C. नोवाक जोकोविच
✘ D. रोजर फेडरर

Q.86 मार्च 2025 में, नई दिल्ली में 'पर्यावरण - 2025' से संबंधित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया?

Ans
- ✗ A. भारत के उपराष्ट्रपति
- ✗ B. लोकसभा अध्यक्ष
- ✓ C. भारत के राष्ट्रपति
- ✗ D. भारत के प्रधानमंत्री

Q.87 निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने अप्रैल 2025 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) की परिचालन दक्षता में सुधार हेतु 'एक राज्य, एक RRB' नीति के तहत RRB के विलय के चौथे चरण की घोषणा की थी?

Ans
- ✗ A. कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
- ✗ B. ग्रामीण विकास मंत्रालय
- ✓ C. वित्त मंत्रालय
- ✗ D. गृह मंत्रालय

Q.88 अक्टूबर 2024 में, गृह मंत्रालय द्वारा किस भारतीय अभिनेत्री को साइबर सुरक्षा के लिए नेशनल एम्बेसडर नामित किया गया?

Ans
- ✗ A. जान्हवी कपूर
- ✗ B. सारा अली खान
- ✗ C. आलिया भट्ट
- ✓ D. रश्मिका मंदाना

Q.89 7 और 8 जून 2025 को ताइपे में आयोजित ताइवान एथलेटिक्स ओपन में भारत ने कुल कितने पदक जीते?

Ans
- ✓ A. 16
- ✗ B. 12
- ✗ C. 10
- ✗ D. 14

Q.90 मानव विकास सूचकांक (HDI) 2025 के अनुसार, भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?

Ans
- ✗ A. 150वां
- ✓ B. 130वां
- ✗ C. 90वां
- ✗ D. 110वां

Q.91 लार्सन एंड टुब्रो (L&T) ने भारतीय नौसेना का दूसरा बहु-उद्देशीय पोत (MPV) कब लॉन्च किया?

Ans
- ✓ A. जनवरी 2025
- ✗ B. मार्च 2025
- ✗ C. दिसंबर 2024
- ✗ D. सितंबर 2024

Q.92 जुलाई 2025 में, DRDO ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल उड़ान परीक्षण किए?

Ans
- ✓ A. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप
- ✗ B. चांदीपुर
- ✗ C. बालासोर
- ✗ D. पोखरण

Q.93 अप्रैल 2025 में 75.56 m का विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए, पुरुषों की डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) स्पर्धा में 75 m से अधिक फेंकने वाले पहले एथलीट कौन बने?

Ans
- ✗ A. वर्जिलिजस अलेक्ना (Virgilijus Alekna)
- ✓ B. मायकोलास अलेक्ना (Mykolas Alekna)
- ✗ C. मैथ्यू डेनी (Matthew Denny)
- ✗ D. सैम मैटिस (Sam Mattis)

Q.94 निम्नलिखित में से किस राज्य में नवंबर 2025 में NDA गठबंधन के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार ने शपथ ली?

Ans
- ✗ A. उत्तर प्रदेश
- ✗ B. असम
- ✓ C. बिहार
- ✗ D. झारखंड

Q.95 किस शिखर सम्मेलन में भारत के NSA अजीत डोभाल ने जून 2025 में एकीकृत आतंकवाद विरोधी रुख पर जोर दिया?

Ans
- ✗ A. जकार्ता में ASEAN शिखर सम्मेलन
- ✗ B. नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन
- ✗ C. ब्रुसेल्स में EU शिखर सम्मेलन
- ✓ D. चीन में SCO शिखर सम्मेलन

Q.96 मई 2025 में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पुरस्कार 2025 में किसे मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया गया था?

Ans
- ✗ A. विशाल कैथ
- ✗ B. खालिद जमील
- ✗ C. ब्रिसन फर्नांडीस
- ✓ D. सुभाशीष बोस

Q.97 भारत ने 2025 में किस तिथि को विश्व तंबाकू निषेध दिवस (World No Tobacco Day) मनाया?

Ans
- ✓ A. 31 मई
- ✗ B. 3 मई
- ✗ C. 5 मई
- ✗ D. 17 मई

Q.98 नवंबर 2025 में आयोजित COP30 के दौरान, शब्द कान्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (COP) का तात्पर्य किस संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अंतर्गत पार्टियों की बैठक से है?

Ans
- ✗ A. जैविक विविधता पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention on Biological Diversity)
- ✓ B. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (United Nations Framework Convention on Climate Change)
- ✗ C. भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention Against Corruption)
- ✗ D. वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (Convention on International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora)

Q.99 किस भारतीय शहर की सरकार ने गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अक्टूबर 2025 में पहला क्लाउड सीडिंग फ्लाइट ट्रायल किया?

Ans
- ✗ A. मुंबई
- ✗ B. लखनऊ
- ✗ C. जयपुर
- ✓ D. दिल्ली

**Q.100** **Which of the following initiatives did the Maharashtra Government approve in September 2025 to generate employment in Tier-2 and Tier-3 cities and boost skilled job opportunities?**

**Ans**

- ✗ A. Targeted Wage Subsidy Programme for unskilled labourers
- ✗ B. Free Urban Transit Support Scheme for job seekers
- ✗ C. Mandatory Local Employment Reservation framework in enterprises
- ✓ D. Global Capability Center policy to expand centres across the state

"